OCT-02-2.qxd 10/2/2025 12:11 AM Page 1




मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों... पृष्ठ 2 | भाजपा तिल्दा मंडल मे सेवा... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




गुरूवार, 02 अक्टूबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 345, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## अवकाश सूचना



### शुभकामनाएं

दैनिक नांदगांव टाइम्स की ओर से सभी पाठकों, संवाददाताओं एवं विज्ञापनदाताओं को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई - प्रबंध संपादक

### सूचना

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नांदगांव टाइम्स के कार्यालय में 02 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 04 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा। - प्रबंध संपादक

# वृद्धजनों के सम्मान और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक और अमूल्य संस्कृति के वाहक हैं। वृद्धजनों की देखभाल सरकार और समाज दोनों की साझी जिम्मेदारी है। केंद्र और राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए समर्पित योजनाओं को लगातार मजबूत बना रही है। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कृषि मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने बुजुर्गों की विशेष देखभाल के लिए राज्य में सियान गुड़ी, प्रदेश के चार बड़े शहरों रायपुर, बिलासपुर कोरबा और दुर्ग में पीपीपी मॉडल पर सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम बनाने और दिव्यांगजनों के सहायक उपकरणों के रिपेयरिंग के लिए राजधानी रायपुर में सर्विस सेंटर बनाने की घोषणा की। श्री साय ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राज्यभर में जागरूकता हेतु 25 नशामुक्ति रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुति दी गई और स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वृद्धजन दिवस हमें अपने दायित्वों को याद दिलाने का अवसर है। मेरे गुरु ने मुझे सिखाया है कि माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की पूजा है। मैंने अपने गुरु के



संस्कार और आदर्शों का हमेशा पालन किया है। श्री साय ने कहा कि हम सभी को यह सच्चाई नहीं भूलनी चाहिए कि आज हमारे बुजुर्ग जिस अवस्था में है, कल हम सभी उसी अवस्था में होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय और अतिथियों ने जनता से अपील की कि वे वृद्धजनों का सम्मान करें और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें, ताकि उनका जीवन और अधिक सुरक्षित, सम्मानजनक और खुशहाल बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बुजुर्गों के लिए संचालित पेंशन योजनाओं में 14 लाख से बुजुर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष्मान भारत और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत




अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर रायपुर में राज्य स्तरीय आयोजन

अब तक 8 लाख से अधिक बुजुर्गों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना और श्री रामलला दर्शन योजना से 50 हजार से अधिक बुजुर्ग लाभान्वित हुए हैं। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश के 35 वृद्धाश्रमों में 1049 वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल की जा रही है तथा 6 जिलों में प्रशामक देखरेख गृह संचालित हैं। वभागीय हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक 54 हजार से अधिक वरिष्ठजनों की समस्याओं का समाधान किया गया है। इस अवसर पर मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री राजेश मूणत, श्री मोतीलाल साहू, श्री इन्द्र कुमार साहू, श्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# जंगलों के बीच बसा मेटातोड़के गांव, जहां मूर्तियों की नहीं बुढ़हाल देव की होती है पूजा

## प्रकृति है आस्था का आधार



**मनमोहन मालगामे/अफ्सान खान**

**मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में एक ऐसा गांव है, जहां आस्था का रूप बिल्कुल अलग है। यहां लोग न तो मंदिर जाते हैं, न देवी-देवताओं की मूर्तियों के आगे माथा टेकते हैं, और न ही घरों की दीवारों पर किसी भगवान की तस्वीरें टंगी मिलेंगी। इस गांव की पहचान है। सदियों पुराना बुढ़हालदेव का कुटिया, जिसे पूरा गांव अपना मंदिर मानता है। जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर, घने जंगलों के बीच बसे पेंदोड़ी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मेटातोड़के में केवल सात घर और लगभग 60 लोग रहते हैं। लेकिन इन सबकी आस्था का केंद्र सिर्फ़ और सिर्फ़ बुढ़हालदेव है।

### पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा

गांव के बुजुर्ग लालसाय कोवाचा और बिसनाथ बताते हैं कि हमारी कई पीढ़ियां बीत गईं, लेकिन बुढ़हालदेव आज भी गांव की समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। व्रत-त्योहार हो या शादी-ब्याह, हर पूजा इसी कुटिया में होती है। ग्रामीण बताते हैं कि आज़ादी से पहले से ही यह गांव बसा हुआ है और तभी से बुढ़हालदेव उनकी आस्था का केंद्र रहा है। यहाँ मनौती मांगी जाती है, गांव की खुशहाली और सुख-शांति के लिए प्रार्थना की जाती है।

### प्रकृति से गहरा रिश्ता नाता

मेटातोड़के के लोग जंगल और प्रकृति को ही अपना देवता मानते हैं। घरों में पेड़-पौधों की पत्तियाँ पेड़ो की जड़े सहित अन्य प्रकृति से जुड़ा कोई भी सामान रखना यहां की परंपरा है। आस-पास के गांवों से भी लोग यहां आकर बुढ़हालदेव की पूजा करते हैं।

### नवरात्र से दूर, अपनी एक अलग परंपरा

इन दिनों जिले सहित पूरे देश में क्वांर नवरात्रि धूमधाम से मनाया जा रहा है। गांव-गांव देवी दुर्गा की प्रतिमाएं सज रही हैं, भजन-कीर्तन और अनुष्ठान हो रहे हैं। लेकिन मेटातोड़के इससे बिलकुल अलग है। यहां न तो देवी की तस्वीरें हैं, न कोई प्रतिमा। जब कुछ देवी-देवताओं की तस्वीरें ग्रामीणों को दिखाई गईं, तो वे पहचान ही नहीं पाए कि यह कौन से देवी-देवता हैं और उनकी पूजा कब होती है।

### आस्था का अनोखा ढंग

शहरों में जहां आधुनिकता और परंपराएं एक साथ चल रही हैं, वहीं जंगलों के बीच बसा यह छोटा-सा गांव आज भी प्रकृति और अपने बुढ़हालदेव के सहारे जी रहा है। यही इसकी सबसे बड़ी पहचान है। एक ऐसी आस्था, जो देवमूर्तियों से परे प्रकृति को ही परमेश्वर मानती है।

# लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के गरबा महोत्सव में कैट के सदस्य रहे मुख्य अतिथि





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के तत्वावधान में गायत्री स्कूल परिसर में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के सदस्यों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।कार्यक्रम में कैट के संरक्षक ब्रिज किशोर सुरजन, अशोक पांडे, राजू डागा, राजा माखीजा, राजेश जैन, अमित खंडेवाल, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, सागर चितलंगया, तरनदीप अरोरा, रोहित माखीजा और नेहा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। गरबा की पारंपरिक धुनों पर पुरुष, महिलाएं व युवक युवतियों ने आकर्षक गरबा प्रस्तुत किए। कार्यक्रम स्थल रंगीन लाइटों, सांस्कृतिक परिधानों और संगीत की गूंज से देर रात तक सजा रहा। लायंस क्लब ने बताया कि नवरात्र जैसे पर्व समाज को एकता और उत्साह के सूत्र में बांधते हैं। वहीं कैट के प्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में परंपरा व सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं। मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने यह जानकारी दी। नवरात्र जैसे उत्सव हमें यह सिखाते हैं कि जब हम सब मिलकर गरबा नृत्य, भक्ति और संस्कृति का आनंद लेते हैं, तब समाज और भी मजबूत और खुशहाल बनता है। जीवन में उत्साह, एकता और सकारात्मकता बनाए रखना ही सच्ची सफलता है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचालन आज

> **संघ का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने जा रहा**
>
> **अनिल श्रीवास्तव जी का होगा बौद्धिक**
>
> **गणवेश में पहुंचेंगे स्वयंसेवक**

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किल्लापारा बस्ती के बस्ती प्रमुख श्री अनिल नागवंशी ने बताया कि संघ का शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है 1925 में संघ की स्थापना के बाद विजयदशमी के दिन 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है संघ आज हर बस्ती में पहुंच चुका है संघ कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता तन मन धन से लगे हुए हैं इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए संघ का विजयदशमी उत्सव शस्त्र पूजन एवं पथ संचालन कार्यक्रम दिनांक 2 अक्टूबर 2025 को सुबह 7:45 पर अभी अभिमन्यु प्रभात शाखा म्युनिसिपल स्कूल गांधी सभागार के सामने मैं रखा गया है कार्यक्रम के अध्यक्षता श्री देव कुमार निर्वाणी जी (अध्यक्ष अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ) कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अनिल श्रीवास्तव जी प्रांत ( सा सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत) का मार्गदर्शन प्राप्त होगा सभी स्वयंसेवक बंधुओ से समय पूर्व पूर्ण गणेश में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# सांगिनकछार में महाप्रासदी (भंडारा) आज



**आसरा (नांदगांव टाइम्स)।** नव दुर्गा उत्सव समिति सांगिनकछार एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 2 अक्टूबर दिन गुरुवार को महाप्रासदी (भंडारा) का आयोजन किया गया है समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा है कि आप सभी से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या पहुंच कर प्रसादी ग्रहण करे।

# जिला साहू संघ ने गरिमामय समारोह में मनाया प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू का जन्मदिन, बधाई देने वालों का लगा तांता



## राजनांदगांव के गौरव को बनाएं रखेंगे - डॉक्टर नीरेंद्र साहू

राजनांदगांव ।मंगलवार को जिला साहू संघ के साहू सदन में घोरदा के माटीपुत्र छत्तीसगढ़ साहू संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने डॉक्टर नीरेंद्र साहू का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया।सादे किंतु इस गरिमामय जन्मदिन समारोह का श्री गणेश संत शिरोमणी भक्त कर्मा माता जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा - अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान जिलेभर से आए जिला साहू संघ के पदाधिकारियों तहसील साहू ,नगर साहू संघ एवं अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ - मीडिया प्रकोष्ठ ,महिला प्रकोष्ठ ,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सहित समाज के विभिन्न अत्यंत सक्रीय प्रकोष्ठ के संयोजक /सचिवों ने जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई में जन्मदिन समारोह में विशेष रूप से पधारे क्षेत्र के माटीपुत्र डॉ.नीरेंद्र साहू का गुलदस्ता भेंटकर गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया।अपने संक्षिप्त उद्बोधन में जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का पल है कि, हमारे जिले के ही व्यक्ति डॉ. नीरेंद्र साहू को को समाज के प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।उन्होंने ने उम्मीद जताई कि छत्तीसगढ़ साहू संघ के अध्यक्ष डॉक्टर नीरेंद्र साहू जी की टीम समाज और भी सशक्त और मजबूत बनाने के लिए कार्य करेगी।इस मौके पर भागवत साहू ने डॉक्टर नीरेंद्र साहू के जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं दीं।जन्मदिन समारोह (कार्यक्रम)को अपने आत्मीयता भरे संबोधन से सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए स्वागत से हर्षित डॉक्टर नीरेंद्र साहू ने कहा कि संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा जी,माँ बम्लेश्वरी देवी जी की कृपा और आप सभी की शुभकामनाओं - आशीर्वाद के चलते मुझ जैसे कार्यकर्ता को छत्तीसगढ़ साहू समाज के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया।समाज की चिंता थी कि समाज मजबूत बने।सशक्त बने।उन्होंने कहा कि वे राजनांदगांव के ऐतिहासिक गौरव को बनाए रखेंगे।हमारी टीम के द्वारा समाज को संस्कार वान बनाने की दीशा में काम किया जायेगा और समाज को मजबूती और विकास की ओर लेके जाने का प्रयास होगा।डॉक्टर साहू ने अपने जन्मदिन पर दिए गए बधाई शुभकानाओं के लिए सभी का हाथ जोड़कर विनम्रतापूर्वक आभार व्यक्त किया।समाज के मजबूती और विकास के लिए सर्वसमत्ति से योगदान, भागीदारी के लिए समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर जिला भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री डीकेश साहू एवं अन्य सामाजिक जिला भाजपा पदाधिकारियों को भी पुष्प भेंट करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की। समारोह का संचालन



अपने चिरपरिचित अंदाज में जिला साहू संघ के कर्तव्यनीष्ठ कर्मठ महामंत्री नीलमणी साहू के द्वारा अनूठे अंदाज में किया।समाज में केक काटने की मनाही के चलते जन्मदिन समारोह के अवसर पर उपास्थित जनों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।आभार व्यक्त माधव साहू के द्वारा किया गया। इस मौके पर खैरागढ़ जिला भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू जी,जिला साहू संघ के सरंक्षक मोतीलाल साहू कुलेश्वर साहू आदि बड़ी संख्या में जिला साहू संघ के पदाधिकारी, नगर साहू संघ के पदाधिकारी तहसील अध्यक्ष - सचिव एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजकों की गरिमामय उपास्थि रही।उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी।

OCT-02-2.qxd 10/2/2025 12:11 AM Page 2



# मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों से व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बड़ी राहत : चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों को लेकर देशभर में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इस कड़ी में कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने इन सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय देश के व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं दोनों के लिए बेहद राहतदायक साबित हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रवंशी ने अपने बयान में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जीएसटी सुधारों से कृषि, चिकित्सा और इलेक्ट्रॉनिक सहित कई दैनिक उपयोगी उत्पादों से जीएसटी हटाया गया है अथवा कम किया गया है जिसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होने कहा कि कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले खाद, कीटनाशक, बीजों पर लगने वाला कर घटने से अब किसानों को यह सामग्री सस्ती दर पर उपलब्ध होगी। इससे खेती की लागत कम होगी और किसानों की आय बढने् की संभावना है। इसी तरह चिकित्सा क्षेत्र में भी कई आवश्यक उपकरणों और दवाइयों पर जीएसटी दर कम की गई है। मरीजों के इलाज में प्रयुक्त होने वाले डायग्नोस्टिक किट, सर्जिकल उपकरण और सामान्य दवाइयों की कीमतों में कमी आएगी। इससे आम लोगों को इलाज पर होने वाला खर्च कम होगा और स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में मोबाइल फोन, लैपटॉप और एलईडी बल्ब जैसी वस्तुओं पर जीएसटी घटने से इनकी कीमतें कम होंगी। इससे डिजिटल सेवाओं और पढ़ाई-लिखाई में तकनीकी साधनों का उपयोग बढ़ेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि यह सुधार किसानों, मरीजों और आम जनता के हित में है। इससे न केवल जीवन-यापन आसान होगा बल्कि कृषि उत्पादन और डिजिटल विकास को भी नई गति मिलेगी। कुल मिलाकर नए जीएसटी सुधारों ने आमजन को सीधी आर्थिक राहत दी है। उन्होंने आगे कहा कि कवर्धा नगर पालिका द्वारा मोदी सरकार की इस जनकल्याणकारी नीति को लोगों तक लगातार पहुंचाया जा रहा है और उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हम केन्द्र सरकार की नीतियों के क्रियान्वयन में पूरी सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ



काम कर रहे हैं और भविष्य में भी व्यापारियों और उपभोक्ताओं को जागरूक करने व सहयोग देने का कार्य जारी रहेगा।

**केन्द्र सरकार के जीएसटी सुधार से उपभोक्ताओं को सीधी राहत, कई वस्तुएं और सेवाएं हुई सस्ती**

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केन्द्र सरकार ने जीएसटी प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार लागू किए हैं, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ आम जनता को भी सीधी राहत मिल रही है। इन सुधारों के तहत कुछ उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी दरों में कटौती या पूर्ण छूट दी गई है, जिससे उनकी कीमतों में गिरावट आई है। इस नए सुधार के अनुसार जीएसटी काउंसिल ने चार कर दरों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत) को छोड़कर केवल दो मुख्य दरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू करने का निर्णय लिया है। अब पहले 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों पर आने वाली बड़ी संख्या में उपभोक्ता वस्तुएं 5 प्रतिशत या 18 प्रतिशत दर में आ गई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि इन सुधारों से कवर्धा में व्यापार और उपभोक्ता गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि नगर पालिका व्यापारियों और नागरिकों को आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगी ताकि यह राहत जमीन तक पहुंच सके।

कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष व नगर पालिका परिषद कवर्धा ने बैठक कर श्री नरेंद्र मोदी के प्रति पारित किया धन्यवाद-अभिनंदन प्रस्ताव नगर पालिका परिषद कवर्धा में मंगलवार को अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद सदस्यों ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए इसे देश की आर्थिक प्रगति और कर प्रणाली को सरल बनाने वाला कदम बताया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि नए सुधारों से व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने नरेंद्र मोदी को पत्र के साथ भेजा अभिनंदन प्रस्ताव की प्रति नगर पालिका अध्यक्ष ने बैठक में पारित अभिनंदन प्रस्ताव की प्रतिलिपि भारत सरकार नरेंद्र मोदी को प्रेषित किया है उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया हम सभी आपके नेतृत्व में जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) से जुड़े अभूतपूर्व एवं दूरगामी निर्णय का हृदय से स्वागत करते हैं। यह निर्णय न केवल देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा, बल्कि व्यापार, उद्योग और उपभोक्ताओं—सभी के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। आपके इस दूरदर्शी कदम से कर प्रणाली अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बनेगी। यह निर्णय च्एक राष्ट्र ङ्ग एक कर ङ्ग एक बाजारज्ज् की भावना को सशक्त करेगा और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में नई पहचान दिलाएगा। हम सभी आपके इस ऐतिहासिक निर्णय हेतु आपका अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हैं। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, सभापति रिंकेश वैष्णव, देव कुमार साहू, दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, अजय सिंह ठाकुर, श्रीमती किरण सोनी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रोहित साहू उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल नर्मदा के पदाधिकारियों की घोषणा की गई

**गंडई पंडरिया ( नांदगांव टाइम्स )**। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व प्रदेश महामंत्री पवन साय की



सहमति से बुधवार को भाजपा मंडल नर्मदा के मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की गई। मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल की घोषणा चार माह पहले ही की जा चूकी थी, किन्तु शेष पदाधिकारियों की घोषणा की सभी को प्रतीक्षा थी, जिसे बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू ने घोषणा की। मंडल पदाधिकारी इस प्रकार है अध्यक्ष आनंद पटेल, चार उपाध्यक्ष रमेश जंघेल, ललिता मानिकपुरी, प्रेमलाल वर्मा व बल्लु जंघेल, इसी प्रकार दो महामंत्री भीखू हिरवानी व खेलन वर्मा, कोषाध्यक्ष अमर सिंह मंडावी, चार मंत्री दिलेश्वर अंचित, संगीता जंघेल, संतोषी पटेल व माधुरी जंघेल, मिडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अवधेश मिश्रा को दी गई है। विभिन्न मोर्चा के अध्यक्ष इस प्रकार है - पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष संतन साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष बलराम जंघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष इंद्राणी वर्मा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष रामप्रसाद मरावी को बनाया गया हैं।

## एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन

**गंडई ( नांदगांव टाइम्स )**। शासकीय महाविद्यालय गंडई में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन. एस.वर्मा, विशिष्ट अतिथि टी. एल. वर्मा, जी. के . कौशिक थे। कार्यक्रम के संयोजक भूगोल विभागाध्यक्ष आसीत कुमार साहू थे ।साथ ही इतिहास विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके संयोजक डॉ पद्मनी सिन्हा थे।जिसमें विगेश बी .ए.तृतीय वर्ष एवं वंदना पटेल बी . ए.तृतीय वर्ष क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त की मुख्य अतिथि डॉ. एन. एस.वर्मा ने अपने संबोधन में पर्यटन के वैश्विक महत्व,सांस्कृतिक आदान प्रदान तथा आर्थिक विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से अवगत कराया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे की अनुमति से सफलतापूर्वक आयोजित हुई । कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी निखिल निर्मलकर एवं रोशनी रजक ने की।

## प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन, क्षेत्र के लिए चयन

**गंडई ( नांदगांव टाइम्स )**। विगत 26,27,एवं 28 सितंबर को प्रांतीय संस्कृति महोत्सव कोरबा में संपन्न हुआ, जिसमें भैया बहनों ने विभिन्न विधाओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रस्तुति दी। जिसमें शास्त्रीय नृत्य में बहन अन्नपूर्णा जंघेल एवं कीर्तिका जंघेल ने मनमोहक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए। बहन अन्नपूर्णा जंघेल ने शास्त्रीय नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव देवास के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किए। उसी प्रकार शिशु वर्ग से बौद्धिक प्रश्न मंच में बहन अदिति तिवारी,पल्लवी पटेल, एकांक्षी पटेल तृतीय स्थान, बाल वर्ग से मानस प्रथमाक्षरी में बहन एंजल देवांगन, लीलावती साहू, कल्पना जंघेल द्वितीय स्थान, रंगोली प्रतियोगिता में बहन महिमा जंघेल द्वितीय स्थान, एवं किशोर वर्ग से तत्कालिक भाषण में भैया अंश सिन्हा तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री बलराम सिंह ठाकुर जी ने समस्त विजेता भैया बहनों को बधाई दी एवं ागामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



**शुभांक**

**1-4-8**

**133-7 346-3**

**भाग्यांक**

**899-6 246-2**

## महतारी एक्सप्रेस में शराब तस्करी मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष का बयान अपने आप में विरोधाभासी - अभिमन्यु उदय मिश्रा

### एक ओर बता रहे विपक्ष की साजिश तो दूसरी ओर दे रहे कार्यवाही का आश्वासन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। महतारी एक्सप्रेस में शराब तस्करी का मामला सामने आने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने भाजपा जिलाध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि पहले ही भाजपा सरकार महतारी के नाम पर घोटाला कर छत्तीसगढ़ महतारी के मान पर छोट की है, सनी लियोन को महतारी वंदन का पैसा दिया जा रहा है महतारी सदन भ्रष्टाचार भेंट चढ़ चुके हैं इसी कड़ी में महतारी एक्सप्रेस वाहन दूसरे राज्य की शराब तस्करी करते हुए पकड़ी गई है यह शर्मनाक है, तो इससे अब यह स्पष्ट है कि पूरी भाजपा भ्रष्ट है इतना सब होने के बाद राजनांदगांव भाजपा के जिलाध्यक्ष कहते हैं कि महतारी एक्सप्रेस को बदनाम करने यह कांग्रेस की साजिश है और दूसरी ओर यह भी कहते हैं कि दोषियों पर कार्यवाही होगी उनका यह बयान खुद में ही विरोधाभासी है अगर षडयंत्र है तो कार्यवाही किसपर ? महतारी एक्सप्रेस में शराब मिली यह सबने देखा तो क्या वह कांग्रेस ने रखवाई थी ? आपकी नीयत अगर साफ थी तो आपने उपनिरीक्षक को शाबाशी देने की बजाए लाइन अटैच क्यों किया गया ?इतना ही नहीं वाहन चालक का कहना है ही फोन कर के महिला को प्रसूति के लिए अस्पताल ले जाने बुलाया जाता था और बुला कर शराब डंप कर दी जाती थी फिर वो बेचारा चालक पूरी शराब ले कर तस्करी करता था



यह भी बयान बेहद बचकाना है । सौ बात की एक बात यह है कि राजनांदगांव जो संस्कारधानी कही जाती थी रमन राज में बर्बाद हो चुकी है नशाधानी अपराधधानी न जाने क्या क्या संज्ञाएं दी जाने लगी हैं जगह जगह नशा अपराध व्याप्त हो चुका है, मोहड़ गोलीकांड का आरोपी संजय सिंह आजतक पकड़ा नहीं गया है, डोंगरगढ़ नकली शराब कांड में आजतक कुछ नहीं हुआ जबकि उसमें भाजपा नेताओं के सीधे तौर पर सम्मिलित होने के आरोप लगे इसके अलावा तिहरे हत्याकांड ने भी आरोपियों को नेताओं का संरक्षण होना बताया जा रहा था और अब महतारी एक्सप्रेस में शराब मिली है और कितने बदनुमा दाग भाजपा नेता और डॉक्टर रमन राजनांदगांव को देने वाले हैं यह भी बताएं भाजपा जिलाध्यक्ष ? इतना सब होने के बाद भी राजनांदगांव के भाजपाई नेता अपने जिले अपने शहर के बजाए भाजपा के प्रति श्रद्धा रखते हैं और राजनांदगांव की बर्बादी का न केवल तमाशा देख रहे हैं बल्कि उसमें भागीदार भी बन रहे हैं क्योंकि इन सबके खिलाफआवाज उठाने के बजाए वे आरोपियों को बचाने में लगे हैं और केवल कांग्रेस पर आरोप प्रत्यारोप कर सोच रहे हैं कि वे बच जायेंगे किंतु ये बहुत बड़ी भूल है राजनांदगांव के भाजपा नेता भले ही एक परिवार और एक व्यक्ति विशेष या शहजादे जी की भक्ति में चूर हो सकते हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी जिसपर राजनांदगांव की जनता ने भरोसा जताया है।

## मिडिल स्कूल आमगांव ने निकाली नौ दुर्गा झांकी

**गंडई ( नांदगांव टाइम्स )**। साल्हेवारा शारदीय नवरात्रि के पांचवे दिन वनांचल क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमगांव घाट के नवाचारी शिक्षक देवकरण सेन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने नवरात्र पर्व



के पंचमी को नौ दुर्गा झांकी शोभायात्रा निकाली जिसमे कक्षा 6 से 8 में अध्ययन करने वाले छात्राओं ने माता दुर्गा के अलग अलग रूपों में नजर आए। नौ दुर्गा के शोभायात्रा मिडिल स्कूल भवन से आरंभ होकर गांव के मुख्य मार्ग से होती हुई गांव के शीतला मंदिर,दुर्गा मंदिर व ग्राम दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित की गई माता दुर्गा के पंडाल तक पहुंची जहां पहुंचने पर मंदिर के पुजारी के द्वारा सभी का तिलक लगाकर,पूजा अर्चना किया गया। बच्चों की शोभायात्रा जहां से भी गुजरती लोग माता की जयकारा लगाते नजर आए ।इससे पहले शिक्षक देवकरण सेन ने नवरात्रि पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की नवरात्र पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है क्योंकि माता दुर्गा ने नौ दिनों तक महिषासुर नामक राक्षस से युद्ध किया था और दसवें दिन उनका वध किया था इसलिए इस तिथि को माता दुर्गा की नौ रूपों की पूजा की जाती है ।शिक्षक के इस कार्य की गांव वालो ने सराहना ।मिडिल स्कूल के छात्राओं के द्वारा निकाली गई नौ दुर्गा शोभायात्रा का यह दूसरा वर्ष था अंत में मध्यान्ह भोजन समिति के संचालाक प्रीत राम ठाकरे के द्वारा सभी बच्चों को न्यौता भोज के रूप में केला, सेब,एवम भजिया खिलाया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षको का योगदान रहा।

## सांस्कृतिक कार्यकम दौरान एंव भीड़ भाड़ वाले स्थानो मे हो हुल्लड करने वाले हुडदंगीयो व नशेड़ियो कि खैर नही

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )** । इस प्रकार है कि दिनांक 30.09.25 के रात्रि ग्राम छोटुपारा मे गोरेलाल बर्मन का सांस्कृतिक कार्यकम हो रहा था जो कार्यक्रम के दौरान रात्रि करीबन 02.00 बजे अनावेदक दिलीप साहु मनीराम साहु उम्र 29 साल साकिन छोटुपारा थाना स0 लोहारा जिला कबीरधाम छग0 कार्यक्रम देख रहे लोगो के उपर मिटटी फेकने लगा व हो हल्ला कर गाली गलौज बकते हुए कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न करने लगा जो आसपास के लोगो द्वारा मिटटी फेकने व गाली गलौज करने से मना




करने पर उन लोगो को तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो कहकर मरने मारने पर उतारू होकर गाजी गलौज करते हुए कार्यकम देख रहे लोगो के उपर मिटटी फेकने लगा ग्रामिणो द्वारा व पुलिस द्वारा समझाईस देने पर और अधिक उग्र होकर मरने मारने पर उतारू हो गया था अगर समय पर गिर0 नहीं किया जाता तो संज्ञेय अपराध करने कि प्रबल संभावना बनी हुई थी गिर0 के अलावा अन्य कोई विकल्प नही होने के कारण अनावेदक को मौके पर धारा 170 बीएनएसएस में गिर0 कर थाना लाया गया एवं लोक परिशांति कायम रखने हेतु अनावेदक के विरूध्द धारा-170/126,135(3) क्ब्हस्स् के तहत इस्तगाशा क्रमांक 56/133/2025 तैयार कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया । जंहा पर जेल वारंट बनने पर जिला जेल दाखिला कराया गया ।

## गैदाटोला परिक्षेत्र साहू के वीरेंद्र साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। गैदाटोला परिक्षेत्र साहू समाज गैदाटोला के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ग्राम खपराभाट निर्वाचित हुए उपाध्यक्ष पद पर भारत लाल साहू कुही खुर्द निर्वाचित हुए संग सचिव अनिल कुमार साहू फाडूटोला तथा महिला उपाध्यक्ष कुमेश्वरी गजेन्द्र साहू मातेखेडा एवं संगठन सचिव देवकी साहू निर्वाचित हुए सभी पदों को शांति और सौहार्द पूर्ण सम्पन्न हुआ नव निर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि सामाज में युवा एवं नारी शक्तियों का के आगे आने से सामाज को नया दिशा मिलेगी तथा सामाज को आर्थिक विकास समृद्ध बनाने सफलता मिलेगी गैंदा टोला में परिक्षेत्र में अट्ठारह गांव शामिल हैं चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए प्रमुख रूप से नोबल साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू सन्घ राजनांदगांव एवं चुनाव निर्वाचन अधिकारी के रूप में श्याम सुंदर साहू ललित साहू और छुरियां परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश साहू तथा भारत लाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला चन्द्र कुमार साहू संरक्षक मदन लाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू समाज राजनांदगांव हेमिनविष्णु साहू जनपद सदस्य महोदय धनेश कुमार साहू सचिव ईश्वर साहू बलेश्वर साहू हिरा लाल साहू चतुर साहू मानदास साहू हरेन्द कुमार साहू कंस कुमार साहू नोकेश साहू गजेन्द्र साहू एवं सभी गांवों के स्वाजातीय भाई बहनों ने निर्वाचन में भाग लिया सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को तहसील साहू समाज के अध्यक्ष चन्द्रिका साहू ने प्रमाण पत्र दिया एवं सपत दिलाया और अंत में परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला के अध्यक्ष भी भारत लाल साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि सामाज को नया दिशा मिलेगी तथा सामाज के सभी भाईयों बहनों को साथ में लेकर चलने कहां तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दिया।

## कवर्धा में दशहरा पर्व पर भव्य लेज़र लाइट शो - मुंबई से आएगी विशेष टीम, दिखेगा अदभूत नजारा

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )**। इस वर्ष दशहरा पर्व कवर्धा के लिए खास होने वाला है। सनातन माँ दुर्गोत्सव समिति, कवर्धा की ओर से 2 अक्टूबर 2025 को भारत माता चौक पर भक्तों और नगरवासियों के लिए भव्य लेज़र लाइट शो का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक चलेगा।

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि मुंबई से विशेष कलाकारों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम कवर्धा पहुंचेगी। यह टीम आधुनिक तकनीक और भव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से ऐसा लेज़र शो प्रस्तुत करेगी, जो जिले में पहली बार देखने को मिलेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में धार्मिक झाँकियाँ, सांस्कृतिक नृत्य-नाट्य और लेज़र लाइट शो का अनूठा संगम होगा। माता दुर्गा की महिमा, राम-रावण युद्ध की झलक और दशहरे के सांस्कृतिक महत्व को आधुनिक रोशनी और साउंड इफेक्ट्स के साथ पेश किया जाएगा। भक्तों और दर्शकों के लिए यह शाम मनोरंजन और अध्यात्म दोनों का अद्भुत अनुभव लेकर आएगी। उम्मीद है कि यह आयोजन न केवल कवर्धा बल्कि




आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा।

**समिति की तैयारियाँ**

समिति ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा : पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों की टीम तैनात रहेगी। सुविधा : श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, पेयजल और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। आयोजन स्थल : भारत माता चौक को आकर्षक सजावट और प्रकाश व्यवस्था से सजाया जाएगा।

**आयोजन का उद्देश्य** समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से श्रद्धालु दशहरे के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को और गहराई से समझ पाएँगे। सनातन माँ दुर्गोत्सव समिति, कवर्धा ने सभी नागरिकों, श्रद्धालुओं और नगरवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित इस भव्य आयोजन में शामिल होकर दशहरा पर्व की संध्या को यादगार बनाएँ स्थान - भारत माता चौक, कवर्धा तारीख - 2 अक्टूबर 2025, समय - शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक

OCT-02-2.qxd 10/2/2025 12:11 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) नि-क्षय पोषण योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

2) अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट के 12वें संस्करण की मेजबानी कौन सा राज्य कर रहा है?

3) चक्की नदी किस नदी की सहायक नदी है?

4) बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (ब्रस्स्न) किस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आती है?

5) नीलगिरी तहर किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का राज्य पशु है?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) टीबी रोगियों को पोषण समर्थन के लिए प्रोत्साहन देना
(2) असम (3) ब्यास (4) गृह मंत्रालय (5) तमिलनाडु

# भाजपा तिलई मंडल मे सेवा पखवाड़ा के विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर जी के नेतृत्व में पूरे मंडल में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज अठवाँ, नव्वा, दसवाँ कार्यक्रम जो है संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुरुवात माँ भारती साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी जी की चैलचित्र में दीप प्रज्वलित कर हार माला अर्पित कर प्रारम्भ किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत गमछा हार माला पहनकर किया गया। मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर जी ने मंच संचलन करते हुये बताया की देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज हमने भी कार्यक्रम का आयोजन किये है जो इस प्रकार रहाज्1. प्रबुद्ध वर्ग संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम को मंडल क्षेत्र से आये सभी जातीयों से उपस्थित बुजुर्ग सामाजिक व्यक्तियों का सम्मान भगवा गमछा पहनकर किया गया लगभग 250 से अधिक सामाजिक व्यक्तियों को सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी जन्म से लेकर प्रधानमंत्री रहते कार्यकाल को विस्तार से फ्लेक्स बैनर के माध्यम से लोगो को दिखया गया। लोकल फ़ार वोकल के बारे में भी विस्तार से बताया गया, स्वदेशी अपनाने लोगो को प्रेरित किया गया साथ ही स्वदेशी संकल्प पत्र भी भरवाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे माननीय खुबचंद पारख जी ने भी विस्तार से मोदी जी के व्यक्तित्व के बारे में बताते हुये कहा की नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री है चाहते तो अपना जन्मदिन टीवी, पेपर सोशल मीडिया में विभिन्न प्रखर के खर्चों प्रचार प्रसार के माध्यम से मना सकते थे लेकिन नहीं उन्होंने ये सब करने से मना कर दिया और कहा जन्मदिन मनाना है तो सेवा के मंध्यम से मनाओ स्वास्थ्य शिविर लगाओ, पेंड लगाओ, खेल करवाओ, दिव्यांग लोगो को दिव्यांग उपकरण दो, रक्तदान शिविर करने, चित्रकला करवाओ आदि प्रकार से मनाने कहा और आज पूरे देश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर जी को बधाई दिया ऐसा आयोजन 250 लोगो की भीड़ भोजन व्यवस्था सहित बहुत ही शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे माननीय श्री खुबचंद पारख , जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा , परदेशी सोनबोईर तिलई मंडल अध्यक्ष , श्रीमति ललिता साहू जनपद सदस्य, श्रीमति मंजू चंदेल जनपद सदस्य, राकेश साहू महामंत्री तिलई मंडल, यशवंत वर्मा महामंत्री तिलई मंडल, शेखर यदु , टाकेश सिन्हा, राजेश्वरी साहू, डीगेंद्र सिन्हा, हरिचंद सिन्हा, पूनम देवागंन , श्री गोपी साहू , महेश यदु , रामकुमार वर्मा , दिनेश ठाकुर , परमानंद सिन्हा, जितेंद्र द्रिवेदी, डी डी साहू, ब्रिलियंट साहू सूर्यकांत भंडारी , मिलाप यदु मोहन साहू जी, दुर्जन देवांगन, पंकज वर्मा, ईश्वर साहू, माहेश्वरी साहू, संगीता साहू, सुनंदा क्षत्री, शारदा साहू, उमाशंकर साहू, हेमंत लहरे , सन्नी साहू, डोमर साहू, मालिख़ाम कोसरे , गिरवर साहू, शशिकला बंजारे, नंदनी सेवता, कमल वर्मा,वेदव्यास साहू,गणेश साहू,अशोक सिंहा,रवि साहू,राजकुमार देवांगन, रिखी सेन, महेश सेन आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## राजनांदगांव को मिलेगी नई सौगातः राजनांदगांव व डोंगरगढ़ में पर्यटक सूचना केंद्रों का कल होगा लोकार्पण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड राजनांदगांव जिले को पर्यटन विकास की नई सौगात देने जा रहा है। कल 2 अक्टूबर 2025, गुरुवार को संध्या 5 बजे गौरव पथ स्थित चौपाटी, विश्राम गृह के सामने आयोजित समारोह में राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ में स्थापित पर्यटक सूचना केंद्रों का संयुक्त शुभारंभ और लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय पर्यटन, संस्कृति,धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास मंत्री श्री राजेश अग्रवाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अगुवाई करेंगे माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव और माननीय सांसद राजनांदगांव श्री संतोष पांडे। लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बंजारे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ श्री रमन डोंगरे,पूर्व विधायक श्री रामजी भारती व श्री विनोद खांडेकर, माननीय महापौर राजनांदगांव श्री मधुसूदन यादव, माननीय अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेश दत्त मिश्रा,अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक श्री सचिन बघेल तथा अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## छत्तीसगढ़ साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के हाथों सम्मानित हुए थंगेश्वर साहू

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक- 30 सितम्बर 2025 को



जिला साहू भवन राजनांदगाँव में छत्तीसगढ़ साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू जी का जन्मदिसव बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहें । सभी ने डॉ नीरेन्द्र साहू जी को पुष्पहार पहनाकर, गुलाल टीका लगाकर, मुंह मीठाकर जन्मदिवस की बधाई दिये । इसी अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार का डॉ. नीरेन्द्र साहू जी के हाथों सम्मान किया गया एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हमारे साहू समाज एवं जिला के लिए बहुत ही गौरव की बात है । इस अवसर पर, देवकुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य डॉ. चेतन साहू, माधव साहू, नीलमणि साहू, यशवंत साहू, ओमप्रकाश साहू, भरत साहू एवं साहू समाज के जिला एवं अंचल के सभी पदाधिकारीगण थंगेश्वर कुमार साहू जी को बधाई दियें ।

# जिला सहकारी संघ राजनांदगांव का 44वां आमसभा संपन्न

### 2025-26 के लिए आय-व्यय बजट की दी गई स्वीकृति



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव की 44वां वार्षिक साधारण सभा की बैठक श्री एन. एल. टंडन उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ7 वार्षिक साधारण सभा की बैठक में जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मानपुर-मोहला-चौकी के विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए7 सभा में जिला सहकारी संघ राजनांदगांव के प्राधिकृत अधिकारी श्री आलोक सिंह द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया7 सभा में आगामी वर्ष के लिए आय-व्यय बजट, वित्तीय वर्ष 2023-24 का अंकेक्षण टीप प्रस्तुत किये जिसे सभा ने सर्वसम्मति से पारित किये7 संस्था के पंजीकृत बायलॉज़ एवं अनुमोदित सेवानियम में संशोधन एवं नवीन प्रावधान की स्वीकृति दी गई7 संस्था के सतत वर्ष का ऑडिट भी सहकारिता विभाग से कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अंतर्गत 04 सितम्बर को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अधीनस्थ समस्त सहकारी समितियों के जनप्रतिनिधियों एवं कृषक सदस्यों हेतु आयोजित सहकारी सम्मलेन में जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव की सहभागिता एवं संघ द्वारा दी गई आर्थिक सहयोग का भी अनुमोदन किया गया। सभा में श्री एन. एल. टंडन उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव ने सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता एवं उनके योगदान की सराहना करते हुए नारी शक्ति का सम्मान करने की अपील की। सभा में उपस्थित विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भी अपना विचार व्यक्त किये। अंत में सभा में उपस्थित प्रतिनिधिगणों आभार प्रदर्शन संघ के प्रभारी प्रबंधक एन कुमार साहू द्वारा की गई।

# नवरात्रि में नवकन्याओं को मिला सशक्त भविष्य का उपहार - सुकन्या समृद्धि योजना बनी आत्मविश्वास की पहचान



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बेटियां आगे चलकर जगत जननी बनती हैं, उन्हीं के भविष्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से डाक विभाग की च्सुकन्या समृद्धि योजनाज् का जन-जन तक प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज अष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम आतरगांव में नवरात्रि के च्नवकन्या भोजज् के दौरान एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाखा डाकपाल, ग्राम सरपंच खुशबू डामन साहू, समाज कमलेश साहू, तारांचद साहू, संजय साहू, त्रिवेणी निषाद, भालचंद साहू, सुरेश साहू तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से यह छोटा सा प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कन्याओं को भोजन कराने के साथ-साथ सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास जगाना और अभिभावकों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए प्रेरित करना था। सभी ने इस क्षण को हर्षोल्लास से साझा किया और ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि बेटियों का भविष्य सुरक्षित करना हर परिवार की जिम्मेदारी है। सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से न केवल छोटी बचत को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बच्चियों की उच्च शिक्षा और विवाह जैसे महत्वपूर्ण पड़ाव के लिए आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

# जिले में आदि कर्मयोगी अभियान से बनेगी ग्राम विजन प्लान-2030

### कलेक्टर ने कुकदूर में ग्रामीणों साथ जमीन में बैठकर विकास पर की चर्चा, ग्रामवासियों की भागीदारी से तैयार होगी समावेशी विकास योजना

### कबीरधाम जिले के 275 गांव होंगे विलेज विजन-2030 अभियान से लाभान्वित

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुँचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम विजन योजना-2030 ग्रामवासियों और सरकार के सहयोग से तैयार की जा रही है,



ताकि गांवों को सर्वांगीण रूप से विकसित किया जा सके। कलेक्टर ने आज पंडरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम कुकदूर पहुंचकर चौपाल में ग्रामीणों के साथ जमीन में बैठकर विकास की रूपरेखा पर चर्चा की। कलेक्टर ने ग्रामीण जनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण के महत्व को समझाया। उन्होंने ग्राम में उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और लोगों को बताया कि इन संसाधनों का उपयोग कर गांवों का समग्र विकास और सशक्तिकरण कैसे किया जा सकता है। इसके साथ ही, चौपाल में उपस्थित लोगों से गांव की समस्याओं के बारे जानकारी ली गई और उन्हें दूर करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विजन 2030 के तहत गांवों को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यापक योजना तैयार की जा रही है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, आजीविका और परंपराओं के संरक्षण जैसे कार्य शामिल किए जाएंगे।

## धर्म समाचार....

# असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स ) ।** दशहरा हिन्दूओं का एक प्रमुख एवं राष्ट्रीय पर्व है जिसे आश्विन (क्वांर) मास के शुक्ल पक्ष की दशमीं तिथि को देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि हर साल नवरात्रि पर्व के समापन के साथ ही असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में दशहरा पर्व मनाया जाता है , इसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। भगवान श्रीराम ने आज ही के दिन रावण का वध किया था तथा दस दिन के युद्ध के बाद देवी दुर्गा ने महिषासुर पर विजय प्राप्त किया था , इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। दशहरा का पर्व हमें अच्छाई की जीति आशा के साथ नेक कार्यों में भरोसा करना सिखाता है। आज के दिन असत्य पर सत्य की जीत होने की वजह से सभी लोगों को यह प्रण लेना चाहिये कि वह अपने मन की बुराईयों को मारेंगे। दशहरा के दिन कई लोग अपने घरों में पूजन करते हैं। आज के दिन जगह-जगह मेला लगता है , रामलीला का आयोजन होता है जिसमें भगवान राम की वीरगाथा दिखायी जाती है और रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। दशहरा या विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक तिथि मानी जाती है , इसलिये इस दिन विवाह संस्कार को छोंड़कर सभी शुभ कार्य फलकारी माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दशहरा के दिन बच्चों का अक्षर लेखन , घर या दुकान का निर्माण , गृह प्रवेश , मुंडन , नामकरण , अन्नप्राशन , कर्ण छेदन , यज्ञोपवीत संस्कार



और भूमि पूजन आदि कार्य शुभ माने गये हैं। विजयादशमी के दिन लोग अस्त्र शस्त्रों का भी पूजन करते हैं। इस दिन अपराजिता देवी एवं शमी वृक्ष के पूजन का भी विशेष महत्व है। विजयादशमी के दिन प्रदोषकाल में शमी वृक्ष के समीप दीपक जलाकर उसे प्रणाम करें। पूजन के उपरांत हाथ जोड़कर निम्न प्रार्थना करें

**शमी शम्यते पापम् शमी शत्रुविनाशिनी।**
अर्जुनस्य धनुर्धारी रामस्य प्रियदर्शिनी।।
करिष्यमाणयात्राया यथाकालम् सुखम् मया।
तत्रनिर्विघ्नकर्त्रीत्वं भव श्रीरामपूजिता।।

रावण दहन के पश्चात घर आने पर सभी की आरती उतारकर स्वागत एवं भेंट किया जाता है। इसके साथ ही गाँव और पड़ोस में शमी पत्ता बांट कर बड़ों से हर कार्य में विजयश्री का आशीर्वाद भी लिया जाता है। आज के दिन नया काम शुरू करने की भी मान्यता है। कहा जाता है कि आज के दिन शुरू किये गये किसी भी काम में विजय यानि सफलता निश्चित रूप से मिलती है। अगर आपके परिवार में अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की जाती है तो एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर सभी शस्त्र उस पर रखें। फिर गंगाजल छिड़क कर पुष्प अर्पित करें। साथ ही यह प्रार्थना करें कि संकट पड़ने पर यह आपकी रक्षा करें। इस दिन भगवान श्रीराम की उपासना करने का बहुत अधिक महत्व होता है। एक चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करें। फिर धूप , दीप और अगरबत्ती जलाकर भगवान श्रीराम की उपासना करें और अंत में आरती करें।

**नीलकंठ का दर्शन होता है शुभ**

नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि माना गया है। रावण पर विजय पाने की अभिलाषा में भगवान श्रीराम ने पहले नीलकंठ पक्षी के दर्शन किये थे इसलिये आज के दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ जाता है। इस दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना करने से जीवन में भाग्योदय , धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और इसी के साथ दीपावली की तैयारी भी शुरू हो जाती है।

OCT-02-2.qxd 10/2/2025 12:11 AM Page 4



# आज होगा दशानन का दहन

## असीस कौर को सुनने लोगों में भारी उत्साह



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा म्युनिस्पल स्कूल में आयोजित होने वाले भव्य दशहरा उत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। आज विजयादशमी के इस पावन अवसर पर दशानन का दहन होगा, इसके पूर्व भव्य संगीतमय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें बॉलीवुड की फेमस सिंगर असीस कौर अपनी आवाज की जादू का जलवा बिखेरेंगी। असीस कौर को सुनने लोगों में आपार उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजनको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दर्शकों को सुविधा के मददेनजर पर्याप्त बेरिकेटिंग व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही त्रिस्तरीय बैठक व्यवस्था की गयी है, ताकि दर्शको ंको असुविधा न हो। श्री कोठारी ने बताया कि इस बार 61 फिट ऊंचे विशालकाय रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं एआई तकनीक से होने वाली कम्प्यूटराईज आतिशबाजी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। आतिशबाजों की टीम मुंबई से पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इसी तरह लोकसभा सांसद संतोष पाण्डे, विशिष्टअतिथि के रूपमेंउपस्थितरहेंगे। इनके अलावा अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, अशोक शर्मा, खुबचंद पारख सहित अन्य गणमान्य अतिथि गण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

**युवाओं में केज-**
सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने के लिए मुंबई से आ रही असीस कौर का युवाओं के बीच जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। असीस कौर (जन्म 26 सितंबर 1988) एक भारतीय गायिका हैं। उन्होंने इंडियन आइडल और आवाज पंजाब दी सहित कई सिंगिंग रियलिटी शो में भाग लिया है। 2021 में, तनिष्क बागची के साथ शेरशाह का उनका गाना रतन लंबियाँ बहुत हिट हुआ। उन्होंने 2 फिल्म फेयर पुरस्कार और एक आईफा पुरस्कार सहित कइ 'पुरस्कार जीते हैं। उन्होंने पाँच साल की उम्र में गुरबानी गाना शुरू कर दिया था। उन्होंने तमंचे के दिलदा रारी प्राइजसे बॉलीवुड में शुरुआत की। तबसे, उन्होंने कई बॉलीवुड गानों पर विभिन्न संगीतकारों के साथ काम किया है, जिनमें केसरी का (वे माही),ड्राइव का(मखना), सिम्बा का (बंदेया रे बंदेया) और (तेरे बिन), लवयात्री का (अख लड़ जावे) और (चोगाड़ा) और कपूर एंडसंस का (बोलना) शामिल हैं। इसके अलावा तेरी बातो ंमें ऐसा उलझा जिया (टाइटल ट्रैक), मखना (ड्राइव), और उनका हालिया हिट इश्कमें (नादानियाँ) जैसे गीतों को सुनने युवाओं में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।**प्रशासन ने कसी कमर-** विजयादशमी रावण दहन उत्सव के व्यवस्थित आयोजन हेतु पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारीयां कर ली है। कार्यक्रम को देखते हुए कई मागों 'को डायवर्टकर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आयोजन में शामिल होने पहुंचे लोगों के लिए म्युनिसिपल स्कूल के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। इसी तरह महावीर चैक से भगत सिंह चैक के बीच फ्लाई ओव्हर के नीचे (मोटर सायकल पार्किंग), गुरूनानक चौक के पास फ्लाई ओव्हर के नीचे एवं गुरूद्वारा के पास, पुराना अस्पताल, बूढ़ा तालाब के पास,



शीतला मंदिर नया मार्ग के किनार `भी पार्किंग स्थल बनाया गया है।

**प्रवेश के लिए दो द्वार, पास अनिवार्य-** आयोजन समिति के द्वारा इस बार व्यवस्था को पहले से और भी बेहतर किया गया है। आयोजन स्थल में प्रवेश के लिए इस बार भी प्रमुख रूप से दो द्वार बनाए गए हैं। कार्यक्रम में वीआईपी दीर्घा के लिए प्रवेश गेट क्रमांक 1 जीई रोड लॉ कॉलेज के सामने से मिलेगा। इस द्वार से केवल वीआईपी कार्ड धार को ही प्रवेश मिलेगा। इस कार्ड मे ंदो लोग कार्यक्रम स्थल मेंप्रवेश कर सकते हैं, अन्य कार्डधारी यहां से प्रवेश नहीं कर पाएंगें। इसके अलावा फैमली पास धारको को आयोजन स्थल मेंप्रवेश गेट क्रमांक 2 फव्वारा चैंक कांच घर के सामने से मिलेगा। इस गेट स`केवल फैमिली पास धारक ही प्रवेश कर पाएंगे। खास बात यह है कि इस द्वार से प्रवेश के लिए दर्शकों को परिवार के साथ अनिवार्य है। इस कार्ड में परिवार के चार लोग एक साथ प्रवेश कर सकते हैं, लेकिन एक साथ आने वाले चार युवक या पुरूषों को फैमिली पास से प्रवेश नहीं मिलेगा। आयोजन समिति ने दर्शको को असुविधा से बचने के लिए कार्ड मे ंदिए निर्देशां`का पालन करन`और पूर्व निर्धारित द्वार से ही प्रवेश करने करने का आग्रह किया है। वही ंकार्यक्रम को सफल बनान `लोंगों से आयोजन समिति की व्यवस्था में सहयोग की अपेक्षा की हैं।

# राजनांदगांव-रायपुर मेट्रो ट्रेन की मांग पर सांसद को सौंपा गया मांग पत्र

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी सेवा समिति द्वारा राजनांदगांव से रायपुर तक मेट्रो ट्रेन शुरू किए जाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज समिति के पदाधिकारी व सदस्य सांसद कार्यालय पहुंचे और जिला के सांसद संतोष पांडे को मांग पत्र सौंपा।

**सांसद को सौंपा मांग पत्र**

मांग पत्र सौंपने के दौरान समिति के प्रमुख सदस्य अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, राजू डागा, भावेश अग्रवाल, लक्ष्मण लोहिया, संजय तेजवानी, गुरमुख सिंह वाधवा, दौलत चंदेल, राजा माखीजा, आलोक श्रोती, आशुतोष सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**सांसद का आश्वासन**

सांसद संतोष पांडे ने मेट्रो ट्रेन की मांग पर सहमति जताते हुए कहा कि वे इस विषय पर केन्द्रीय रेल मंत्री एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से स्वयं मिलकर बात रखेंगे। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास और यातायात सुविधा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

**अगले गुरुवार महाकाल चौक पर अभियान**

समिति ने जानकारी दी कि आगामी गुरुवार को महाकाल चौक पर दोपहर 03 बजे से हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पहल को समर्थन दें। मेट्रो जैसी आधुनिक परिवहन सुविधा से न केवल यातायात की समस्या कम होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और समय की बचत भी होगी।

समिति ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में आगे बढ़कर सहयोग करें। च्ज्जनहित के लिए उठाई गई हर आवाज़ भविष्य को बदलने की ताकत रखती है। छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की राह खोलते हैं।ज्ज् उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

## मोखला परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष राहुल साहू बने

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** तहसील



साहू संघ राजनांदगांव के अंतर्गत मोखला परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें तहसील साहू संघ राजनांदगांव से चुनाव पर्यवेक्षक चंद्रशेखर साहू,चुनाव अधिकारी तिलक राम साहू, गिरीश साहू, श्रीमती तेजेश्वरी साहू की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें अध्यक्ष राहुल साहू बूचीभरदा उपाध्यक्ष लखन लाल साहू मोखला ,उपाध्यक्ष महिला श्रीमती गायत्री साहू संगठन सचिव महिला श्रीमती संगीता साहू मोखला अध्यक्ष द्वारा दीपक साहू जंगलेसर को कोषाध्यक्ष एवं सचिव भूपेश कुमार साहू बुचीभरदा को मनोनीत किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को राम विलास साहू,तुकज राम साहू, डॉ.हेमंत साहू, शत्रुहन साहू,हेमशंकर साहू, कौशल साहू , कुलेश्वर दास साहू आदि ने बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किया।

## बढ़ते बिजली बिल की दरो के देखते युवा कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री साय का पुतला



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पठानिया जी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा जी जिला प्रभारी प्रांजल तिवारी जी जिलाध्यक्ष महेश सेन के आवहन पर युवा कांग्रेस डोंगरगढ़ ब्लाक अध्यक्ष उपेंद्र सोनी के नेतृत्व मे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार में बढ़े हुए बिजली बिल का विरोध करते हुए बिजली बिल एवं साय सरकार का पुतला जलाकर विरोध किया भाजपा सरकार मे हर वर्ग परेशान है मध्यम वर्ग का कमर तोड़ दिया गया है मोदी सरकार ने लगातार 10 तक द्द्वह्ल से देश को लुटा और अब दिखावे की राजनीती कर रही है उक्त कार्यक्रम मे युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश सेन पूर्व ,लाल बहादुर अध्यक्ष रामसु:ख देवागन मनोज निषाद प्रकाश लहारे हिरा कवर तमेश पटेल रवि रॉय, रोशन यादव , अजय मानिकपुरी, वीरू भगत, मनीष यादव, शावन बाघमारे, इमरान अहमद, सुमित वासनिक, चिकू, गणेश यादव आदि युवा कांग्रेस कार्य करता उपस्थित रहे।






प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com